डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

मोहान रोड, लखनऊ –226017

उ0 प्र0 सरकार

वि0 सं०–53/2022–23 **दिनांकः 15 अगस्त, 2022**

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में वरिष्ठ सहायक एवं सहायक लेखाकार के रिक्त पदों पर राज्य सरकार/भारत सरकार अथवा राज्य एवं भारत सरकार के अधीनस्थ उपक्रमों में समकक्ष पद अथवा उच्च पद पर कार्यरत कार्मिकों की नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर एवं राज्य/भारत सरकार अथवा उनके अधीनस्थ उपक्रमों से सेवानिवृत्त कार्मिकों की नियुक्ति सीमित अवधि हेतु नियत वेतन पर किये जाने हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये गये है, उक्त पद की अर्हता, आवेदन–पत्र, सामान्य निर्देश एवं अन्य विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://dsmru.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

कुलसचिव।

डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार

वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in

गैर–शैक्षिक संवर्ग हेतु प्रतिनियुक्ति के आधार/नियत वेतन सम्बन्धी पर विज्ञप्ति

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति के आधार पर राज्य/भारत सरकार में सेवारत् अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पद का वेतनमान, अर्हता एवं अन्य विवरण निम्नवत् है :–

क्र.सं.	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	वेतनमान/सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए नियत वेतन	शैक्षिक/अन्य अर्हता
1	वरिष्ठ सहायक	31	**प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानांतरण हेतु** रू0 5200–20220 ग्रेड पे–2800/– **अथवा**	1. कनिष्ठ सहायक के पद पर 05 वर्ष की सेवा का अनुभव। 2.हिन्दी अंग्रेजी में क्रमशः 25 शब्द एवं 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम् गति आवश्यक है। 3.डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर प्रचालन में सीसीसी प्रमाण पत्र या किसी सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था द्वारा उसके समकक्ष प्रदान किया गया कोई प्रमाण–पत्र।
			सेवानिवृत्त कार्मिकों हेतु नियत वेतन रू0 29100/– प्रतिमाह अथवा अंतिम आहरित वेतन पर निर्धारित पेंशन, जो भी कम हो।	**समान या उच्च पद से सेवानिवृत्त हुये हों। उक्त के अतिरिक्त संबंधित क्षेत्र का अनुभव तथा कम्प्यूटर संचालन के ज्ञान को वरीयता दी जाएगी।**
2	सहायक लेखाकार	08	**प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानांतरण हेतु** रू0 5200–20220 ग्रेड पे–2800/–	1. वाणिज्य में स्नातक, लेखा लिपिक के रूप में 05 वर्ष का अनुभव, कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान रखने वाले को वरीयता।
			सेवानिवृत्त कार्मिकों हेतु नियत वेतन रू0 29100/–प्रतिमाह अथवा अंतिम आहरित वेतन पर निर्धारित पेंशन जो भी कम हो।	**समान या उच्च पद से सेवानिवृत्त हुये हों। उक्त के अतिरिक्त संबंधित क्षेत्र का अनुभव तथा कम्प्यूटर संचालन के ज्ञान को वरीयता दी जाएगी।**

उपरोक्त पदों के लिये विश्वविद्यालय वेबसाईट से डाउनलोड किये गये आवेदन–पत्र पर ही समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित केवल **पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से **दिनांकः 05 सितम्बर, 2022** को सायं 5.00 बजे तक कुलसचिव, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ –226 017 को प्राप्त हो जायें।

कुलसचिव

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

लखनऊ।